

# चार दिन से खाद के लिए लाइन में लगे रहने के बाद भी किसान लौटे खाली हाथ



नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना, 20 अगस्त। आज हमारे गुनौर संवाददाता ने गुनौर की खाद गोदाम में यूरिया खाद वितरण में लगभग 400 लोगों की लगी लाइन को देखकर जब सत्यता की जानकारी ली तो पता चला कि रोजाना जरूरतमंदों को लाइन में लगना पड़ता है दिन भर लाइन में लगने के बाद भी कई किसानों को खाद नहीं मिल पाती है। कल भी सैकड़ों किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा।**

कुछ ऐसे किसान भी मिले जो 14 तारीख को लाइन में लगे थे जिनसे मूल आधार कार्ड ही गोदाम प्रभारी लोकेंद्र पटेल ने जमा करा लिए थे रोजाना उन किसानों को बुलाया किंतु आधार कार्ड नहीं दिए ना ही उन किसानों को चार दिन से खाद मिल पाई। जिसकी शिकायत पीड़ित किसानों ने हमारे गुनौर संवाददाता से की तब कहीं उन किसानों के आधार कार्ड गोदाम प्रभारी ने वापस किय। किंतु खाद खत्म हो जाने का बहाना बता कर खाद फिर भी नहीं दी। इसलिए किसान गोदाम से 300/से 350 रूपया तक में लेने को तैयार रहता है।

इस प्रकार सीमांत एवं गरीब किसान दो बोरी खाद के लिए चार दिन भटक रहा है। जो शासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। किसानों के ठेकेदार किसान संगठनों के पदाधिकारी ,स्थानीय, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जो हमेशा राजनीति करते हैं उनकी जिम्मेदारी बनती है कि खाद की कालाबाजारी करने वाले गोदाम प्रभारी एवं अधिक रेट में खाद बेचने वाले व्यापारियों पर दंडात्मक कार्यवाही कराना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को दो-चार बोरी खाद के लिए चार दिन चक्कर न काटना पड़े एवं अधिक रेट में खरीदने को मजबूर ना होना पड़े।

### इनका कहना हैं

पिछले दिन मैंने जाकर देखा था एवं नियम से वितरण के निर्देश दिए थे। यदि गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

**राम निवास चौधरी**
एसडीएम गुनौर।

आपके द्वारा मुझे लंबी लाइन में लगने के बाद भी खाद न मिलने की जानकारी दी गई है, दो-चार बोरी खाद के जरूरतमंदों को प्राथमिकता दी जाएगी। ब्लैक करने की शिकायत मिलने पर गोदाम प्रभारी पर कार्यवाही की जाएगी। व्यापारियों द्वारा अधिक रेट पर खाद बेचने की शिकायत कृषि संचालक से करिएगा।

**एस एल ध्रुव**
बीएमओ विपणन संघ पन्ना।



# पुलिस ने 6 घंटे के अंदर नाबालिग बालक को उप्र . से किया दस्त्याब

नवभारत न्यूज

**पन्ना,20 अगस्त। थाना अजयगढ़ क्षेत्रांतर्गत बीरा चौकी क्षेत्र से एक नाबालिक बालक के अचानक लापता होने की सूचना थाना अजयगढ़ पुलिस को प्राप्त हुई।**

इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट बालक के परिजन द्वारा आज दिनांक 19 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना साईंक्रष्णा थोटा के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी बीरा उनि रवि सिंह जादौन को सूचना प्राप्त हुई कि गुमशुदा बालक को अतर्रा जिला बांदा उ0 प्र0 रेलवे स्टेशन के पास देखा गया है।

पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आज दिनांक 19 अगस्त को ही 6 घण्टे के अंदर बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया।



# चोरी की सूचना मिलने के 24 घण्टे के अन्दर हुआ खुलासा

## चार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 20 अगस्त। पन्ना पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशनुसार अजयगढ़ थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात में घटना की सूचना के 24 घण्टे के अन्दर मामले में चोरी हुआ मशरूका बरामद किया जाकर वारदात में शामिल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

हासिल जानकारी के अनुसार मामले में फरियादिया श्रीमती विमला प्रजापति निवासी सिंहपुर द्वारा थाना अजयगढ़ में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 17 अगस्त की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने फरियादिया के घर में घुसकर घर में रखे बक्सा (संदूक) को चोरी कर ले गये है उक्त संदूक में फरियादी के चाँदी के जेवरात एवं नगदी राशि रखी हुई थी। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध चोरी का अपराध कायम किया गया था। एसपी पन्ना के निर्देश पर थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा आज पुलिस द्वारा मामले में 04 संदेहियों कल्लू पिता प्यारे आदिवासी उम्र 20 वर्ष, अर्जुन उर्फ कम्मू पिता नत्थू प्रजापति उम्र 27 वर्ष, राजकुमार पिता बाबू प्रजापति उम्र 28 वर्ष, इन्द्रकुमार पिता सुन्दर अहिरवार सभी निवासी सिंहपुर को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई।

पुलिस द्वारा पूँछताछ किये जाने पर संदेही व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने नाम पता पुलिस टीम को बताये गये। घटना के संबंध में पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेहियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे न्यायायलय के आदेशानुसार जिला जेल पन्ना दाखिल किया गया है।

# गड्ढों में हुआ तब्दील पन्ना-कटनी मार्ग, गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 20 अगस्त। आवागमन की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण पन्ना कटनी राज्य मार्ग की हालत दिनों दिन खराब हो रही है जिन सड़कों को अच्छे होने का जिम्मेदार दावा करते आ रहे हैं उनकी तस्वीर नगर सहित कटनी रोड स्थानीय मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी से कम अरण्य भवन एवं तहसील कार्यालय के बीचों-बीच चमरहा नाला के पास सड़क किनारे 1 से 2 फीट गहरे भारी भरकम गड्ढे बयां कर रहे हैं।**

संबंधित विभागीय की, उदासीनता, के कारण एवं जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण यह भारी गहरे गड्ढे किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं यहां से छोटे-बड़े वाहन निकालने पर घटना दुर्घटना की आशंका बनी रहती है लेकिन जिम्मेदार लोग अंजान बने हुए हैं संबंधित विभाग के अधीनस्थ अधिकारी अपने क्षेत्र में सड़क की मरम्मत एवं गड्ढों को भरवाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों वाहन भारी वजन लिए आवा गमन करते हैं यही नहीं इस मार्ग पर बड़े अधिकारियों के अलावा नेताओं समेत मंत्रियों के वाहन इस सड़क से होकर गुजर चुके हैं इसके बाद भी किसी का ध्यान इन मौत के गड्ढों की ओर नहीं गया है इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार व जानलेवा साबित हो रहे गड्ढों को भरवाने को भरवाने या



मेंटेनेंस के कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं यदि यही आलम रहा तो किसी बड़े हादसे को रोक नहीं जा सकता है यही नहीं इस बारिश के मौसम में इस मार्ग पर चलना और भी खतरनाक हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि पन्ना कटनी मार्ग सहित नगर के मुख्य मार्गो की दशा भी दर्दनीय नहीं है बनी हुई है एक वार्ड से लेकर 15 वार्डों की गलियां जहां तहां आज भी गड्ढे में तब्दील होने के साथ कीचड़ युक्त बनी हुई है यही स्थिति पन्ना कटनी मार्गों की बनी हुई है जो नगर के विधायक जी के पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर सलेहा तिराहा मोहद्रा मोड चमरहा नाला से लेकर चंदा घाटी सिल्वर फॉल पर निर्मित हो चुकी है एवं कई जगह है भारी भरकम गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं प्रतिदिन छोटे बड़े वाहन पलटते नजर आ रहे हैं जिससे गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं गड्ढों के कारण वाहनों की टूट-फूट भी हो रही है स्मरण रहे की कटनी मार्ग मुख्यालय से सटा चमरहा नाला के गड्ढों को समय रहते अगर नहीं भरवाए गये तो किसी बड़ी घटना दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता एवं नगर में गड्ढों की स्थिति गंभीर बनी हुई है सड़क किनारे एक से दो फीट के गहरे गड्ढे हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं क्योंकि पवई से कटनी जाने के लिए प्रतिदिन से अधिक यात्री बसों के अलावा छोटे-बड़े वाहनों का गुजरा इन्हीं गड्ढों के बगल से होता है भगवान न करें की क्रॉसिंग में एक दूसरे के वाहन का वो समय हो अगर समय रहते उन गड्ढों का मेंटेनेंस करवा दिया जाए तो घटना को रोका जा सकता है स्थानीय मुख्यालय पवई नगर से लेकर चांदा घाटी सिल्वर फाल तक बड़े-बड़े गड्ढों के साथ रोड जर्जर हो चुकी है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण आए दिन घटना घटित हो रही है इसके बावजूद भी संबंधित विभाग आंख मूंदे हुए कुंभकरण की नींद से सोया हुआ है नगर के लोगों का कहना है संबंधित विभाग आला अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को इस रोड के गड्ढों की हालात के साथ नगर की जर्जर सड़कों को अवगत करा चुके हैं इसके बावजूद भी गड्ढे नहीं भरवाय गए हैं न ही सड़क का सुधार हुआ है जबकि यह मार्ग पन्ना कटनी छतरपुर पन्ना सतना सागर व नागपुर को जाता है।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया खाद

## सहकारी समितियों के पास 1261 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 346 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है

नवभारत न्यूज


**पन्ना 20 अगस्त। जिला विपणन अधिकारी एस.एल. ध्रुव ने जानकारी दी कि यूरिया के लिए किसान भाईयों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पन्ना जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है तथा खरीफ सीजन के लिए सुचारू रूप से वितरण केन्द्रों से यूरिया की बोरी का वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है।**

वर्तमान में जिले में सहकारिता विभाग में विभिन्न सहकारी समितियों के पास 1261 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 346 मीट्रिक टन अर्थात् कुल 1607 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है। इसके अलावा सतना एवं झुकेही रैक से भी 670 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध हो रही है, जिससे निरंतर इसकी आपूर्ति बनी रहेगी।

डीएमओ ने बताया कि गत वर्ष 31 अगस्त तक वितरित यूरिया के विरूद्ध इस वर्ष अब तक पिछले वर्ष से अधिक मात्रा में यूरिया का किसानों को वितरण किया गया है। टोकन व्यवस्था के जरिए सुलभ तरीके से यूरिया का वितरण किया जा रहा है। किसानों से रकबे की पुष्टि के दस्तावेज, ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड के सत्यापन उपरांत जिले के सभी वितरण केन्द्रों से यूरिया वितरित की जा रही है। जिला विपणन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में किसानों के लिए 9 नकद विक्रय केन्द्र स्थापित हैं। जिले की समितियों में भी यूरिया खाद उपलब्ध है।

कृषक नजदीकी सहकारी समिति अथवा नकद विक्रय केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पीओएस मशीन के माध्यम से शासन के निर्धारित दर अनुसार खाद का वितरण कराया जा रहा है।

अब तक सहकारिता विभाग से वितरण के लिए प्राप्त 9 हजार 989 मीट्रिक टन के विरूद्ध 9 हजार 857 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद वितरण व्यवस्था में राजस्व एवं पुलिस का भी पूर्व निगरानी एवं सहयोग लिया जा रहा है।



# श्री जुगल किशोर मंदिर में सुलभ दर्शन व्यवस्था के लिए कराई गई थी अस्थाई व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**पन्ना 20 अगस्त। पन्ना शहर के श्री जुगल किशोर मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान सुचारू व्यवस्थाओं के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में बेरीकेट्स लगवाने की व्यवस्था की गई थी।**

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में विभिन्न आयोजनों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए गत एक अगस्त को धार्मिक उत्सवों के आयोजन के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न बैठक में इसका निर्णय लिया गया था। उक्त बैठक में मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझाव के आधार पर सुलभ दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा के उद्देश्य से स्टील बैरिकेड्स लगाने सहित पर्व आयोजन के लिए मंदिरों को निर्धारित राशि की स्वीकृति, श्रद्धालुओं हेतु भण्डारा प्रसाद के लिए नियत राशि तय करने, साफ-सफाई, लाइव टेलीकास्ट के जरिए जन्मोत्सव देखने की व्यवस्था, पुलिस एवं यातायात प्रबंध, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था, नकद दान की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने और मेडिकल टीम की तैनाती इत्यादि के संबंध में सहमति बनी थी, जिसके तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व शाखा द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय समाचार पत्रों में बैरिकेड से अव्यवस्थाओं के संबंध में प्रकाशित खबर तथ्यपरक नहीं है एवं न ही जुगल किशोर मंदिर दर्शन की पुरानी परंपरा समाप्त हुई है। इस अस्थायी व्यवस्था के प्रति किसी नागरिक या श्रद्धालु द्वारा भी कोई आपत्ति अथवा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। कतिपय व्यक्तियों द्वारा राजनीति से प्रेरित होकर मिथ्या तथ्य बताकर श्रद्धालुओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उक्त मंदिर के हॉल में अस्थाई रूप से लगवाई गई बेरीकेटिंग निकलवा दी गई है।

# घटारी पंचायत के जीआरएस ने अपने अविवाहित भाई के नाम कर दिया पीएम आवास स्वीकृत

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 20 अगस्त। पन्ना जिले के गुनौर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत घटारी में पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक दीपेंद्र शर्मा ने अपने ही सगे भाई दुर्गेश शर्मा को अविवाहित होते हुए भी पीएम आवास योजना का लाभ दिलाया है।**

इस पूरे प्रकरण में मजे की बात तो यह है कि अपात्र को पात्र बनाकर एक ओर जहाँ पीएम आवास स्वीकृत किया गया तो वहीं दूसरी ओर कार्य के आधार पर तीन किस्तें भी जो लगभग 1 लाख 5 हजार रुपये है संबंधित के खाते में डाली भी जा चुंकी है, अगर हम जिओ टेक फोटो की भी बात करें तो हितग्राही अविवाहित दुर्गेश शर्मा ने अपने नवनिर्मित पीएम आवास के सामने एक महिला को खडा कर फोटो भी खिंचवाई जोकि पोर्टल पर उपलब्ध है। अब यह बात समझ से परे है अविवाहित व्यक्ति को पीएम आवास कैसे स्वीकृत हो गया, साथ ही किस महिला की फोटो पोर्टल पर अपलोड की गई है। यह तो संबंधित अधिकारी ही बता



सकते हैं जोकि जाँच का विषय है। उक्त पूरे मामले की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना को लिखित शिकायती आवेदन के रुप में दिनांक - 13 अगस्त को की गई थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना द्वारा संबंधित रोजगार सहायक दीपेंद्र शर्मा को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है।

कारण बताओ नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आवेदक मंगल सिंह यादव निवासी ग्राम घटारी द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि घटारी ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक द्वारा अपने सगे भाई दुर्गेश शर्मा को फर्जी तरीके से पीएम आवास स्वीकृत किया गया है जिसमें पहली किस्त 25000/- रुपये एवं दूसरी किस्त 40000/- रुपये,कुल राशि 65000/- प्रदाय किये गये हैं।

जबकि दुर्गेश शर्मा का स्वयं का डबल मंजिला मकान, जिसमें लगभग 16 पक्के कमरे बने हुए हैं जोकि नियम विरुद्ध प्रतीत होते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना ने पूरे मामलें में कारण बताओ नोटिस जारी कर 18 अगस्त को समय 11 बजे उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। अब देखना है कि आगे जीआरएस पर कार्यवाही होती है या नहीं।



# निकासी की व्यवस्था न होने बदबू देने लगा पानी

नवभारत न्यूज

**पवई 20 अगस्त। नगर परिषद अन्तर्गत अनेक बार्डों मे पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने की वजह बार्ड वासी तरह तरस की परेशानियो से जूझ रहे है। घरों के निस्तार का गंदा पानी हो या वारिस वार्डों महिनों जाम रहता है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका तो बनी ही रहती साथ ही जाम हुए पानी से सडांध आने लगती है जिससे बार्ड के लोगो का खाना पीना रहना दुष्वार हो रहा है सालों से देखा जा रहा है कि बार्डों मे नालियों का आभाव है।**

फिर भी नगर परिषद इस ओर गंभीर नही दिखती बार्ड क्रमांक 10 मे हनुमान बाल मंदिर स्कूल मार्ग मे महिनों से वारिस का पानी जाम है जिसकी वजह से लोगो का आना जाना भी मुश्किल हो रहा है नगर परिषद द्वारा कुछ दिनों पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी निकालने की व्यवस्था कराई गई जहां पानी का भराव हो रहा है वह स्थान निचला है। जब तक सीमेंट पाइप डालकर समतली करण नही कराया जाता समस्या का समाधान फिलहाल होना मुश्किल है बार्ड के लोगो प्रशासन से इस ओर ध्यान दिए जाने मांग की है

# डॉ . नीलम पटेल की शिकायत पहुंची कलेक्टर एवं सीएम ऑनलाइन

## चाइल्ड केयर अवकाश की आड़ में दिन भर देख रही मरीज

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 20 अगस्त। जिला चिकित्सालय मे एक तो वैसे भी महिला चिकित्सकों की कमी है। जिला चिकित्सालय मे पदस्थ तीन महिला डॉक्टरों मे से एक डॉक्टर एक साल से बिना सूचना के लापता है। डॉ. नीलम पटेल ने 3 महीने का चाइल्ड केयर अवकाश ले रखा है और पूरे दिन अपने शासकीय अवकाश मे मरीजों को देख रही हैं एक मात्र डॉ. मीना नामदेव के भरोसे जिला चिकित्सालय की व्यवस्था है।**

स्पष्ट है कि एक महिला डॉक्टर के भरोसे जिला चिकित्सालय की व्यवस्था नहीं संभाली जा सकती है। जिसकी शिकायत महेबा जिला




पन्ना निवासी नरेंद्र खरे ने कलेक्टर सहित सीएम ऑनलाइन मे शिकायत की है जिसमें उल्लेख किया है कि जिला चिकित्सालय में 3 महिला डॉ0 पदस्थ है डॉ0 मीना नामदेव,. डॉ0 नीलम पटेल, डॉ0 निकिता सिंह इनमें से डॉ निकिता सिंह लगभग 12 माह से जिला चिकित्सालय पन्ना में उपस्थित नही हुई है।

डॉ0 नीलम पटेल जिनके द्वारा निजि कारणों से 3 माह की मुख्य चिकित्सा अधिकारी पन्ना से छुट्टी लिये हुये है और अपने निवास पर पेसेन्टों को देख रही है (प्राईवेट प्रक्टिश) एवं बॉकि बचे हुये समय में मेशकॉट हॉस्पिटल जिला चिकित्सालय में प्राईवेट सेवा दे रही है ऐसी स्थिति में डॉ0 मीना नामदेव के अलावा और अन्य कोई महिला डॉ0 कार्य नही कर रही है। शिकायत श्री खरे ने मांग की है कि तत्काल डॉ0 नीलम पटेल की छुट्टी निरस्त करते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी पन्ना को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि जिला चिकित्सालय पन्ना में उक्त महिला डॉ0 सेवाये प्रदान कर सकें।

**क्या कहते हैं अधिकारी-** जब उपरोक्त मामले मे सीएमएचओ डॉ. आरपी तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता से चर्चा की गई तो दोनों अधिकारियों ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के अनुसार जेडी हेल्थ सागर को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया है।

### क्या कहती है जेडी हेल्थ

जब उपरोक्त मामले में ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ सागर डॉ . श्रीमती नीना से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा यह मामला संज्ञान मे लाया गया है अभी उनके सामने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे उपरोक्त मामले मे संज्ञान लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करेंगी।

# पूजा डेयरी को किया सील

पन्ना 20 अगस्त। बृजपुर में पूजा दुग्ध डेयरी में दूध की बजाए पाउडर से पनीर तैयार किया जा रहा था। मिलावट की शिकायत पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पूजा दुग्ध डेयरी में दबिश दी। टीम की दबिश की सूचना लीक हो गई, जिसकी वजह से डेयरी संचालक मिलावटी सामग्री लेकर मौंके से भाग खडा हुआ। टीम ने डेयरी को एहतियातन सील कर दिया है। डेयरी संचालक को संयुक्त टीम की दबिश की सूचना पहले ही मिली गई थी। मौंके पर डेयरी में गंदगी होना पाया गया। डेयरी संचालक का नाम सुरेश कुमार साहू बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया दूध डेयरी में मिलावट की जाती है। खाद्य निरीक्षक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया, राजस्व अधिकारियों से जानकारी मिलने पर हम टीम के साथ मौंके पर पहुंचे। पनीर व दूध में मिलावट की आशंका होने पर सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।